पत्रांक 881 /

प्रेषक,

रतन कुमार महावर,
जिला शिक्षा पदाधिकारी,
पलामू।

सेवा में,

अंचल पदाधिकारी,
सदर, मेदिनीनगर

मेदिनीनगर, दिनांक 11/06/16

**विषय :–** **केन्द्रीय विद्यालय हेतु चिन्हित स्थल को हस्तान्तरित करने एवं उसका नक्शा ट्रेसिंग पेपर में उपलब्ध कराने के संबंध में।**

महाशय,

उपर्युक्त विषयक अंकित करना है कि पलामू जिला में केन्द्रीय विद्यालय की स्थापना की जानी है। इस हेतु लगभग 8–10 एकड़ जमीन की आवश्यकता है, जो शहरी सीमा की समीप अवस्थित हो। पूर्व में मॉडल महिला कॉलेज़ हेतु पोखराहा खूर्द में 10 एकड़ जमीन चिन्हित की गई थी, किन्तु अभी मॉडल कॉलेज की स्थापना हेतु तत्काल कोई प्रस्ताव प्राप्त नहीं है। जिसके उपरान्त केन्द्रीय विद्यालय की स्थापना हेतु उक्त स्थल को चिन्हित किया गया है।

अतः अनुरोध है कि पोखराहा खूर्द की उक्त जमीन को केन्द्रीय विद्यालय हेतु हस्तान्तरित करने की कार्रवाई प्रारम्भ की जाय। साथ ही, अंकित करना है कि केन्द्रीय विद्यालय संगठन द्वारा उक्त स्थल का नक्शा ट्रेसिंग पेपर पर उपलब्ध कराने का निदेश दिया गया है। अतः ट्रेसिंग पेपर पर उक्त जमीन का नक्शा भी उपलब्ध कराने की कृपा की जाय।

विश्वासभाजन

11/6/16

जिला शिक्षा पदाधिकारी,
पलामू।